Title : Statement regarding Muslim Reservation

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सभापति महोदय, ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया आप सभी बैठ जाएं । पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर जी खड़े हैं, तो आप बैठ जाइए । आप लोग क्यों खड़े हो गए? सभी लोग बैठ जाएं । आप भी बैठ जाइए । अगर वे खड़े हैं, एलओपी होंगे और यदि वे खड़े होंगे, तो हम उनको एलाऊ करेंगे । आपके एलओपी कहां हैं?

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर एलओपी होंगे, तो एलओपी को एलाऊ करेंगे, अगर पार्लियामेंट्री अफेयर्स मंत्री जी होंगे, तो उनको एलाऊ करेंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : नहीं, आप प्लीज़ बैठिए । पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर जी ।

? (व्यवधान)

श्री किरेन रिजिजू : आदरणीय सभापति महोदय जी, ? (व्यवधान) मेरा यहां खड़ा होने का आज कोई इरादा नहीं था, लेकिन आज लोक सभा, राज्य सभा, दोनों सदनों में जो आवाज़ उठाई जा रही है, वह कोई मामूली नहीं, बल्कि बहुत गंभीर मुद्दा है । ? (व्यवधान) कांग्रेस पार्टी का वरिष्ठ नेता, जो संवैधानिक पद पर बैठा हुआ है, वह इस पद पर बैठकर यह कहता है कि मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया जाएगा और भारत के संविधान को बदला जाएगा । ? (व्यवधान)

सभापति महोदय, आप बताइए कि यह सदन फिर कैसे चुप बैठ सकता है? ? (व्यवधान) सरकार ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग कृपया बैठ जाइए । पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर जी बोल रहे हैं ।

? (व्यवधान)

श्री किरेन रिजिजू : आदरणीय सभापति महोदय जी, यह बहुत गंभीर मुद्दा है । वर्ष 1947 में जब मुस्लिम लीग ने, ? (व्यवधान) कांग्रेस पार्टी के सारे सदस्य आज सुन लें । वर्ष 1947 में जब मुस्लिम लीग प्रस्ताव लाया था कि मुसलमानों के लिए संवैधानिक रिजर्वेशन होना चाहिए । ? (व्यवधान) मुस्लिम रिजर्वेशन का मुद्दा वर्ष 1947 में आया । ? (व्यवधान) 28 अगस्त, 1947 में सरदार पटेल जी और पूरे सदन ने उस समय रिलिजियस रिजर्वेशन को खारिज़ किया था । ? (व्यवधान) भारत के संविधान में धर्म के नाम से कोई रिजर्वेशन नहीं हो सकता है । ? (व्यवधान) आज कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता संवैधानिक पद पर बैठकर जब बोलते हैं कि संविधान को बदला जाएगा, मुसलमानों को रिजर्वेशन देने के लिए, तो यह मंजूर नहीं हो सकता है । ? (व्यवधान) मैं कांग्रेस पार्टी से

कहना चाहता हूं कि आप अपना प्रीज्यूम क्लीयर करें । ? (व्यवधान) अगर आप बाबा साहब अम्बेडकर जी के संविधान को मानते हैं, तो संवैधानिक पद पर बैठकर आपके वरिष्ठ नेता ने जो बयान दिया है, उनको तुरंत बर्खास्त करें और उनके पद को उनसे छीन लीजिए । नहीं तो, आप नाटक मत करें । ? (व्यवधान) आप वहां कहते हैं कि मुसलमानों को रिजर्वेशन देंगे और यहां बाबा साहब का फोटो लेकर आप नाटक करते हैं । ? (व्यवधान) कांग्रेस पार्टी बाबा साहब का नाम लेकर संविधान की किताब को जेब में, हाथ में लेकर नाटक करती है । ? (व्यवधान) मैं इसकी निंदा करता हूं और स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह हमारी मांग है कि उस संवैधानिक पद पर जो बैठा है, उनको तुरंत बर्खास्त करें, नहीं तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे । ? (व्यवधान) संविधान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने एक बात कही है । अब आप सब सदन को व्यवस्थित करें । यह गंभीर विषय हो सकता है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**<u>12.05 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

-

**<u>14.00 hrs</u>**

*The Lok Sabha reassembled again at Fourteen of the Clock.*

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)